Publication: **Dainik Jagran** | Region: **Delhi** | Date: **30/06/2014** | Page No.: **10**

ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं टर्म प्लान

समझ-बूझ

टर्म प्लान क्या है?

जीवन बीमा क्षेत्र में टर्म प्लान पूरी तरह जोखिम को कवर करने वाली बीमा पॉलिसी है। इसमें कोई परिपक्वता अवधि नहीं होती। इसका पूरा लाभ पॉलिसी अवधि में बीमित व्यक्ति की असमय मौत के बाद उसके परिवार को मिलता है। यह ऐसी पॉलिसी है जिसे हर उस नौकरीपेशा व्यक्ति को अवश्य लेना चाहिए जिस पर पूरा परिवार निर्भर हो। अगर टर्म प्लान ऑनलाइन भी खरीद रहे हैं तो आपके दिमाग में पूरा परिवार होना चाहिए। आमतौर पर बाजार में उपलब्ध ऑनलाइन प्लान 18 से 55 वर्ष तक की आयु वर्ग के लोगों के लिए बने हैं।

ऑनलाइन प्लान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये एजेंटों के जरिये खरीदी जाने वाली पॉलिसियों से 40 से 50 फीसद सस्ते पड़ते हैं। हालांकि ऑनलाइन मिलने वाले प्लान सस्ते होने की वजह से आमतौर पर लोगों के मन में इन पॉलिसियों की सच्चाई को लेकर आशंका पैदा हो जाती है। सच्चाई यह है कि ऑनलाइन प्लान सस्ते इसलिए होते हैं, क्योंकि आपके और कंपनी के बीच कोई एजेंट नहीं होता। इसकी वजह से कंपनी को इनके कमीशन समेत कई अन्य खर्च बच जाते हैं।

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ अनूप राऊ के मुताबिक सीधे कंपनी से ऑनलाइन पालिसी खरीदने के मामले में टर्म प्लान सबसे आसान और समझ में आने वाली है। ऑनलाइन सुविधा ग्राहकों को सीधे कंपनी से संपर्क करने का अवसर प्रदान करती है। टर्म प्लान ऑनलाइन खरीदना उसी तरह सुरक्षित है जिस तरह आप क्रेडिट कार्ड से किसी अन्य उत्पाद को ऑनलाइन खरीदते हैं।

पॉलिसी लेते वक्त रखें ध्यान

सबसे पहले तो प्लान में ऐसा लाइफ कवर लेना चाहिए जो आपकी सालाना आय का कम से कम 10 गुना हो। प्लान की आदर्श अवधि निकालने के लिए अपनी रिटायरमेंट आयु से अपनी मौजूदा आयु को घटा दें। यानी अगर प्लान लेने के वक्त आपकी उम्र 40 साल है और आप रिटायरमेंट आयु 60 वर्ष मान रहे हैं तो आपको कम से कम 20 वर्ष के टर्म प्लान की आवश्यकता है।

सस्ता प्लान चुनने पर दें जोर

ऑनलाइन टर्म प्लान खरीदते वक्त आपको सबसे सस्ता प्लान चुनने पर जोर देना चाहिए क्योंकि इसका लाभ केवल आपके न रहने पर परिवार को मिलना है। साथ ही अपनी सेहत से लेकर अपने परिवार के स्वास्थ्य इतिहास की पूरी जानकारी दीजिए। इससे दावे के वक्त होने वाली किसी भी असुविधा से बचा जा सकेगा। और सबसे अंत में, ऑनलाइन प्लान उसी कंपनी से खरीदें जो लंबे समय से भारतीय बाजार में मौजूद है।